BSEFS - 58 / 2019 / 15,000

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

समस्त मान्यता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों के
प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्यों को जहाँ से 2019 की परीक्षाओं
के लिये नियमित परीक्षार्थी प्रविष्ठ हो रहे है।

महोदय/महोदया,

सूचनार्थ लेख है कि उच्च माध्यमिक परीक्षा 2019 के सम्बन्धित विषयों में निर्धारित प्रायोगिक परीक्षाएँ माह जनवरी से फरवरी के मध्य आयोजित होना संभावित है। कृपया उक्त अवधि से पूर्व परीक्षार्थियों को प्रायोगिक अभ्यास पूर्ण कराने का विशेष ध्यान रखें।

प्रायोगिक परीक्षाओं से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने हेतु रिक्त प्रपत्र संलग्न है कृपया इसको भरकर इस कार्यालय में दिनांक 25.11.2018 तक भेजने का कष्ट करें। कृपया इस प्रपत्र को भरते समय आपके द्वारा दी जा रही सूचना की व्यक्तिगत रूप से भली भांति जांच कर लें कि वह ठीक है क्योंकि प्रेषित सूचना के आधार पर ही प्रायोगिक परीक्षा के लिये विद्यार्थियों के दलों की संख्या और तदनुसार प्रायोगिक परीक्षा की व्यवस्था का कार्यक्रम निर्धारित किया जायेगा। यदि सूचना के अभाव में आपके विद्यालय के परीक्षार्थी किसी भी प्रायोगिक परीक्षा से वंचित रह जाते है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी। जिसकी सूचना निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर एवं सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी को भिजवा दी जायेगी। विद्यालय द्वारा परीक्षार्थी की संख्या व एक समय में कितने छात्रों की परीक्षा सम्पन्न की जा सकती है वह संख्या अवश्य सूचित करने में विशेष सावधानी रखें। यदि किसी विषय विशेष में कोई विद्यार्थी आपके विद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा में नहीं बैठ रहा हो तो उस विषय के सम्मुख 'कोई नहीं' ( **Nil** ) लिख दीजिये, उसको खाली नहीं छोड़े। यदि आपके विद्यालय में कोई भी प्रायोगिक विषय नहीं हो तो भी **Nil** की सूचना अवश्य भेजे।

## महत्वपूर्ण

(1) कृपया ध्यान रखें कि आपके विद्यालय से नियमित छात्र/छात्रा के रूप में किसी भी श्रेणी (श्रेणी सुधार Cat-2) अंक सुधार Cat-6 अतिरिक्त विषय Cat-4 में प्रविष्ट होने वाले सभी परीक्षार्थियों को जिन्होंने ऐसे विषय लिए हैं जिनमें प्रायोगिक परीक्षा निहित है तो उन्हें प्रायोगिक परीक्षा देनी होगी चाहे उन्होंने पूर्व में प्रायोगिक परीक्षा दी हो और उनमें उत्तीर्ण ही क्यों न हो गये हों। इसमें वे परीक्षार्थी भी सम्मिलित हैं जो श्रेणी/अंक सुधार के लिये प्रविष्ट हो रहे हों अथवा पूर्व में अनुत्तीर्ण रहने पर इस वर्ष पुनः आपकी शाला के नियमित छात्र/छात्रा के रूप में प्रविष्ट हो रहे हों।

(2) यदि आपने किसी परीक्षार्थी को ऐसे विषय यथा कला वर्ग में संगीत, चित्रकला तथा गृहविज्ञान में स्व अध्ययन की अनुमति दी है जिसमें प्रायोगिक परीक्षा अपेक्षित है तो कृपया इसकी सूचना भी प्रपत्र में दें ताकि इनकी भी प्रायोगिक परीक्षा कराई जा सके।

(3) आवेदन पत्र भरने के पश्चात् अन्य किसी विद्यालय से स्थानान्तरण के कारण आपके विद्यालय में प्रवेश लेने वाले परीक्षार्थी की प्रायोगिक परीक्षा अपने विद्यालय में ही करवा लें तथा ऐसे परीक्षार्थियों की एक सूची मय पूर्ण विवरण यथा नाम, नामांक, विषय व किस विद्यालय से स्थानान्तरित होकर आया है, कार्यालय को अवश्य भेज दें। ऐसे परीक्षार्थियों के नामांक पूर्व शाला से मंगवा लें।

(4) पूरक परीक्षा 2018 के परिणाम घोषित होने पर तदर्थ प्रायोगिक परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या भी अवश्य सम्मिलित कर भिजवावें।

(5) आपके विद्यालय के दूरभाष नम्बर एवं एस.टी.डी. कोड नं. प्रपत्र में अवश्य अंकित कर भिजवाएं। विद्यालय के दूरभाष नम्बर के साथ साथ शाला प्रधान / बोर्ड परीक्षा प्रभारी के दूरभाष/मोबाइल नम्बर भी अवश्य सूचित करें। प्रपत्र में तहसील का नाम एवं आपके शहर/गांव के पोस्ट ऑफिस का पिनकोड जरूर लिखें।

(6) आपके विद्यालय में किसी विषय में 05 से कम परीक्षार्थी पंजीकृत है तो उस विषय में बोर्ड द्वारा बाह्य परीक्षक नियुक्त नहीं किया जावेगा। उन छात्रों /छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा आपके विद्यालय में न होकर निकटतम राजकीय विद्यालय अथवा अन्य विद्यालय में होगी जहां उस विषय का अध्यापन होता है। निकटतम राजकीय विद्यालय की जानकारी संलग्न प्रपत्र में देवें। आप द्वारा जानकारी नहीं दी जाने पर कार्यालय व्यवस्थानुसार विद्यालय निर्धारित कर दिया जावेगा।

(7) यदि किसी परीक्षार्थी ने आवेदन पत्र भरने के पश्चात् अथवा प्रायोगिक परीक्षा के दौरान विषय परिवर्तन, जिसमें प्रायोगिक परीक्षा निहित है, किया है, उसकी परीक्षा से पूर्व कार्यालय में नियमानुसार विषय परिवर्तन शुल्क जमा करवाकर कार्यालय से स्वीकृति प्राप्त करें एवं उसकी परीक्षा संबंधित परीक्षक से करवालें तथा उसके पूर्ण विवरण से कार्यालय को पृथक से अवगत करा दें। सम्बन्धित परीक्षक को भी कराए गए विषय परिवर्तन की लिखित में जानकारी दे दें। सम्बन्धित परीक्षक को एतद स्वीकृति व हस्तलिखित अंक प्रतिपर्ण के लिफाफे में रखकर भिजवाने हेतु सूचित करें।

(8) संलग्न प्रपत्र के पृष्ठ भाग पर वांछित जानकारी अवश्य देवें। आप द्वारा दी जानकारी अनुसार प्रायोगिक परीक्षा की सामग्री, OMR, विषय निर्देश एवं परीक्षक सूची सम्बन्धित वितरण केन्द्र पर भेजी जाएगी जहाँ से अन्य सामग्री के साथ प्राप्त की जावें।

(9) बोर्ड द्वारा प्रायोगिक परीक्षा हेतु निर्धारित समयावधि में किसी भी कारणवश आपके विद्यालय की अथवा किसी परीक्षार्थी की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न नहीं हो पाती है तो इसकी सूचना बोर्ड नियन्त्रण कक्ष के दूरभाष पर सूचित कर सूचना क्रमांक लेकर रेकार्ड पर रखें एवम् लिखित सूचना भी स्पीड पोस्ट से अथवा **व्यक्तिशः** अथवा **फैक्स** नं. 0145-2426994 पर भी देवें। अन्यथा समस्त जिम्मेदारी शाला प्रधान की होगी।

**विशेष** -

(i) **सूचना प्रपत्र की पूर्ति कर इसे अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के नाम पर संलग्न लिफाफे में ही पृथक से बोर्ड कार्यालय को भेजें। दिनांक 25 नवम्बर 2018 तक उक्त सूचना अवश्यमेव भेजें। इसे अति आवश्यक समझें।**

(ii) **विद्यालय के शाला प्रधान/परीक्षा प्रभारी के मोबाईल नम्बर अवश्य सूचित करे ताकि प्रायोगिक परीक्षा बाबत किसी भी जानकारी हेतु सम्पर्क किया जा सकें।**

भवदीय,

**जी.के. माथुर**

निदेशक (गोपनीय)

**प्रायोगिक परीक्षा हेतु सम्पर्क सूत्र -**

**अनुभाग अधिकारी (गोपनीय) सी. सै. - 0145 - 2623776**

**प्रायोगिक परीक्षा नियन्त्रण कक्ष - 0145 - 2620739**

**फैक्स नम्बर 0145 - 2426994 (गोपनीय शाखा)**

BSEFS - 58 / 2019 / 15,000

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

केन्द्र कोड ____ जिला कोड ____ विद्यालय कोड ____ नवीन

## उच्च माध्यमिक ( कक्षा -12 ) परीक्षा 2019

## प्रायोगिक परीक्षा से सम्बन्धित विषयों का विवरण

विद्यालय का नाम व पूर्ण पता ..............................................................................................

..............................................................................................

पिन कोड .................................. तहसील .................................. जिला ..................................

मोबाईल नम्बर .................................. एस.टी.डी. कोड नं. .................. टेलीफोन नं. : ..................

ईमेल ..............................................................................................

नोट : कृपया तहसील का नाम एवं आपके शहर/गांव के पोस्ट ऑफिस का पिनकोड अवश्य लिखें।

| विषय कोड | विषयों के नाम जिसमें कक्षा-12 की प्रायोगिक परीक्षा ली जावेगी | परीक्षार्थियों की संख्या | लैब की क्षमता प्रति बैच | प्रति छात्र वांछित आवश्यक सामग्री | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उत्तर पुस्तक | ग्राफ | ड्राईंगशीट (फुल साईज) | ड्राईंगशीट $^1/_4$ साईज |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 03 | कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी और प्रोग्रामिगं II | | | 1 | – | – | – |
| | **विज्ञान वर्ग** | | | | | | |
| 40 | भौतिक विज्ञान | | | 1 | 1 | – | – |
| 41 | रसायन विज्ञान | | | 1 | – | – | – |
| 42 | जीव विज्ञान | | | 2 | – | – | – |
| 43 | भू विज्ञान | | | 1 | – | – | – |
| 84 | कृषि विज्ञान | | | 1 | – | – | – |
| | **कला वर्ग** | | | | | | |
| 14 | भूगोल | | | 1 | – | 4 छात्रों हेतु 1 शीट | – |
| 16/63,64,65 | संगीत (कंठ एवं वाद्य) | | | – | – | – | – |
| 17 | चित्रकला | | | – | – | – | 2 |
| 18 | गृह विज्ञान | | | 1 | – | – | – |
| 19 | मनोविज्ञान | | | 1 | – | – | – |

**नोट :- (i) भूगोल विषय हेतु ड्राइंग शीट्स फुल साईज ( 51×74 सेमी. ) प्रयोग में ली जानी है।**

**(ii) चित्रकला विषय हेतु ड्राइंग शीट्स 1/4 आकार ( 29 × 44 सेमी. ) प्रयोग में ली जानी है।**

## सामग्री आवश्यकता का विवरण

नोट – प्रायोगिक उ.पु. व अन्य सामग्री विषय के सम्मुख उल्लेखानुसार प्रति परीक्षार्थी उपयोग में ली जावेगी। इसी के अनुसार वांछित सामग्री का उल्लेख निम्नलिखित तालिका में अंकित करें। यदि आपके विद्यालय को सैद्धान्तिक परीक्षा का केन्द्र भी बनाया जाता है तो कृपया विद्यालय तथा परीक्षा केन्द्र से सम्बन्धित ग्राफ कागज का रेकार्ड पृथक-पृथक रखें।

| क्रम संख्या | विवरण | गत वर्ष की बची हुई संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रायोगिक उत्तर पुस्तकें | |
| 2. | ग्राफ पेपर मैट्रिक प्रणाली के (19 × 24 से.मी.) | |
| 3. | ड्राईंग पेपर (29 × 44 सेमी.) चित्रकला (कला वर्ग) प्रायोगिक परीक्षा हेतु | |
| 4. | ड्राईंग शीट्स (51 × 74 सेमी.) इम्पीरियल कागज (भूगोल प्रायो. परीक्षा हेतु) | |

| क्र.सं. | संग्रहण-वितरण केन्द्र-2019 के नाम | क्र.सं. | संग्रहण-वितरण केन्द्र-2019 के नाम |
|---|---|---|---|
| 501. | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर | 531. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, दूदू (जयपुर) |
| 502. | राजकीय पटेल उ.मा. विद्यालय, ब्यावर (अजमेर) | 532. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, चाकसू (जयपुर) |
| 503. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, केकड़ी (अजमेर) | 533. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, आमेर (जयपुर) |
| 504. | सैनी उ.मा. विद्यालय, मनु मार्ग, अलवर | 534. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, जालौर |
| 505. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, बहरोड़ (अलवर) | 535. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, सांचोर (जालौर) |
| 506. | त्रिमूर्ति उ.मा. विद्यालय राजगढ़ (अलवर) | 536. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, भीनमाल (जालौर) |
| 507. | श्री महेश शिक्षा सदन उ.मा. विद्यालय, भीलवाड़ा | 537. | राजकीय महात्मा गांधी उ.मा. विद्यालय, जोधपुर |
| 508. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, बाड़मेर | 538. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, फलौदी (जोधपुर) |
| 509. | राजकीय उ.मा. विद्यालय बालोतरा (बाड़मेर) | 539. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, झुंझुनूं |
| 510. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, बूंदी | 540. | अड्डूकिया उ.मा. विद्यालय, चिड़ावा (झुंझुनूं) |
| 511. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, बारां | 541. | राजकीय बालिका उ.मा. विद्यालय, जैसलमेर |
| 512. | राजकीय महारानी बालिका उ.मा. विद्यालय, बीकानेर | 542. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, पोकरण (जैसलमेर) |
| 513. | राजकीय बालिका मा. विद्यालय, नई आबादी, बांसवाड़ा | 543. | राजकीय बालिका उ.मा. विद्यालय, झालावाड़ |
| 514. | श्री अग्रसेन महिला विद्यापीठ उ.मा. विद्यालय, रणजीत नगर, भरतपुर | 544. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, गुमानपुरा, कोटा |
| | | 545. | राजकीय सेठ किशनलाल कांकरिया उ.मा.वि., नागौर |
| 515. | इण्डियन पब्लिक उ.मा. विद्यालय, चूरू | 546. | राजकीय बांगड़ उ.मा. विद्यालय, डीडवाना (नागौर) |
| 516. | सेठ नागरमल बाजोरिया उ.मा.विद्यालय, रतनगढ़ (चूरू) | 547. | राजकीय जवाहर उ.मा. विद्यालय, कुचामनसिटी (नागौर) |
| 517. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, चित्तौड़गढ़ | 548. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, राजसमन्द |
| 518. | श्री भट्टारक यशकीर्ति उ.मा. विद्यालय, प्रतापगढ़ | 549. | सेठ गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म उ.मा.वि., श्रीगंगानगर |
| 519. | राजकीय बांगड़ उ.मा. विद्यालय, पाली | | |
| 520. | राजकीय महारावल उ.मा. विद्यालय, डूंगरपुर | 550. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर) |
| 521. | श्री रामकरण जोशी राजकीय उ.मा. विद्यालय, दौसा | 551. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, पुराना भवन, सिरोही |
| 522. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, मानपुरा, सिकन्दरा (दौसा) | 552. | राजकीय श्री हिन्दी विद्या भवन उ.मा. विद्यालय, सीकर |
| 523. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, धौलपुर | 553. | गजानन्द मोदी राजकीय उ.मा.वि., नीम का थाना (सीकर) |
| 524. | श्री नेहरू मेमोरियल चिल्ड्रन उ.मा.वि., हनुमानगढ़ टाउन | 554. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, टोंक |
| 525. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, नोहर (हनुमानगढ़) | 555. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, देवली (टोंक) |
| 526. | राजीव गाँधी विद्या भवन शिक्षा संकुल, जयपुर | 556. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, करौली |
| 527. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, खातीपुरा, जयपुर | 557. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, साहूनगर, सवाईमाधोपुर |
| 528. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, चौमूं (जयपुर) | 558. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, गंगापुरसिटी (सवाईमाधोपुर) |
| 529. | राजकीय सरदार उ.मा. विद्यालय, कोटपूतली (जयपुर) | 559. | राजकीय गुरू गोविन्दसिंह उ.मा. विद्यालय, उदयपुर |
| 530. | श्री कल्याणसिंह राज. उ.मा. विद्यालय, शाहपुरा (जयपुर) | 560. | राजकीय उ.मा. विद्यालय, सलूम्बर (उदयपुर) |

उपरोक्त सूची अनुसार निकटतम संग्रहण/वितरण केन्द्र का नाम, जहाँ उत्तर पुस्तकें भेजी जा सकती हैं। वितरण केन्द्र के नाम का उल्लेख करें :- क्र.सं. .............................. नाम : ....................................................................................

## प्रमाणीकरण

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि इस विद्यालय में 2019 में होने वाली प्रायोगिक परीक्षाओं से सम्बन्धित पूरी सूचना दे दी गई है। उपरोक्त सूचना सही तथा सब प्रकार से पूर्ण है तथा मैंने ध्यानपूर्वक देख लिया है कि इनमें न तो कोई त्रुटि है, न कोई कमी है तथा परीक्षार्थियों की संख्या व प्रयोगशाला की क्षमता जो दी गई है वह बिल्कुल सही है।

निकटतम रेल्वे स्टेशन का नाम .......................................

व दूरी (कि.मी.) .......................................

तहसील का नाम .......................................

एवं दूरी (कि.मी.) .......................................

**प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर**

विद्यालय की मोहर .......................................

.......................................

सैद्धान्तिक परीक्षा का केन्द्र ...................................... टेलीफोन नं. (STD कोड सहित) .......................................

छात्र संख्या 5 से न्यून होने पर निकटतम राजकीय विद्यालय जहां प्रायोगिक परीक्षा करवाई जानी है .................................

विद्यालय ...................................................... टेलीफोन नं. (STD कोड सहित) .......................................

**नोट - कृपया इस प्रपत्र की पूर्ति कर संलग्न लिफाफे में ही भेजें।**